वर्ष- 02 अंक- 34

छपरा

8 दिसंबर, रविवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com E-Paper website : www.dainikkhojkhabar.live



# उत्तर भारत में ठंड दिखाने लगी असर, कश्मीर में पारा माइनस में

**सबसे कम जोजिला में -19डिग्री, उप्र सहित 17 राज्यों में आज से कोहरा, 77 ट्रेनें रद्द**

**श्रीनगर/ नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के उत्तरी राज्यों में सर्दी असर दिखाने लगी है। राजधानी दिल्ली सहित कई राज्यों में शनिवार सुबह कोहरा भी छाया रहा। बढ़ते कोहरे की वजह से उत्तर रेलवे ने 77 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी हैं। कश्मीर में ठंड बढ़ने से पारा माइनस में चला गया है। जम्मू के 2 और कश्मीर के 9 जिलों में पारा माइनस में रिकॉर्ड किया गया। जोजिला में सबसे ज्यादा ठंड है, जहां तापमान -19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। शोपियां में -4.5



डिग्री, पहलगाम और बांदीपोरा में -4.3 डिग्री तापमान है। श्रीनगर में भी पारा -4.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में 3.8 डिग्री के साथ पंजाब का आदमपुर सबसे ठंडा शहर रहा। दिल्ली में शनिवार सुबह 7.1 डिग्री तापमान के साथ मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही। मुंबई, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में सुबह कोहरा भी छाया रहा। बढ़ते कोहरे की वजह से उत्तर रेलवे ने 28 फरवरी तक जिन 77 ट्रेनों को रद्द किया है उनमें 36 ट्रेनें दिल्ली डिवीजन की हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के चलते 8-9 दिसंबर को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, असम, सिक्किम, मेघालय, त्रिपुरा सहित 17 राज्यों में कोहरा छाएगा। इससे मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ेगी। दक्षिण में शुक्रवार को कर्नाटक के कुछ इलाकों में बारिश हुई। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी रविवार को बारिश हो सकती है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का अनुमान जताया गया है।

## मणिपुर: नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध 9 दिसंबर तक बढ़ा, थौबल में गोला-बारूद जब्त



**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर सरकार ने शनिवार को नौ अशांत जिलों में मोबाइल डेटा सेवाओं पर प्रतिबंध 9 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम जिलों में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया।

इसमें कहा गया है कि जनहित में वीएसएटी और वीपीएन सहित मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं 9 दिसंबर को शाम 5.15 बजे तक निलंबित रहेंगी। हालांकि, राज्य सरकार द्वारा अनुमत मामलों÷ को छूट दी गई है। जिरी और बराक नदियों में तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव बरामद होने के बाद राज्य में हिंसा भड़कने के बाद 16 नवंबर को इन जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं।

## अमेरिका ने भाजपा के आरोपों को किया खारिज, कहा- भारत को अस्थिर करने की कोई साजिश नहीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन आरोपों को खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी सरकारी संस्थाएं और उसके डीप स्टेट तत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी को निशाना बनाकर भारत को अस्थिर करने के प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने इन आरोपों को निराशाजनक बताते हुए कहा कि उनके देश की सरकार हमेशा से ही दुनियाभर में स्वतंत्र मीडिया की वकालत करती रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिकी सरकार स्वतंत्र संस्थाओं के साथ मिलकर पत्रकारों के पेशेवर विकास और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर काम करती है, लेकिन इन योजनाओं का मकसद इन संस्थाओं के संपादकीय फैसलों को प्रभावित करना नहीं है।

**भाजपा ने क्या आरोप लगाया था :**भाजपा ने आरोप लगाया था कि अमेरिकी डीप स्टेट ने मीडिया पोर्टल ओसीसीआरपी (ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिश की।

# जीएसटी बढ़ाने की तैयारी में सरकार?

**राहुल गांधी बोले- गरीब और मध्यम वर्ग की मेहनत की कमाई को लूटा जा रहा**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार जीएसटी स्लैब बढ़ाने की तैयारी कर रही है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुछ ऐसे ही संकेत देकर सरकार पर हमला बोला। एक्स पर पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। एक तरफ़ कॉरपोरेट टैक्स के मुक़ाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज़्यादा वसूली की तैयारी कर रही है।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। इसके जरिये आपकी ज़रूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकठ्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1500 रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर



18% करने जा रही है। यह घोर अन्याय है। अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स से लूटा जा रहा है। राहुल गांधी ने लिखा कि हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। राहुल गांधी के इस पोस्ट के बाद एक बार फिर जीएसटी को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हाल ही में जीएसटी की दरों में बदलाव को लेकर लगातार तेज हो रही अटकलों को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने खारिज किया था।

## ममता बोलीं-INDIA ब्लॉक मैंने बनाया, मौका मिला तो लीड करूंगी

**सपा और शिवसेना-BT ने समर्थन किया; भाजपा बोली- विपक्ष को राहुल पर भरोसा नहीं**



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में INDIA ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, मैंने INDIA गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें। मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं। ममता बनर्जी के बयान का शिवसेना (UBT) के सांसद संजय राउत और समाजवादी पार्टी (SP) ने समर्थन किया है। राउत ने शनिवार को कहा, हम भी चाहते हैं कि वे विपक्षी INDIA गठबंधन की प्रमुख भागीदार बनें। चाहे वह ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना, हम सभी एक साथ हैं। हम जल्द ही कोलकाता में ममता बनर्जी से बात करने जाएंगे। वहीं, सपा नेता उदयवीर सिंह ने भी ममता बनर्जी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने शनिवार को कहा, लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से सपा ने 37 सीटें जीतीं। पश्चिम बंगाल में TMC ने 42 सीटों में से 29 सीटें जीतीं। भाजपा को इन दो राज्यों में 35 सीटों का नुकसान हुआ। सभी दल सहमत हों तो सपा ममता का समर्थन करेगी।


## कोरोना के दौरान अस्पतालों को किए गए भुगतान में भारी अनियमितता

### कैग के ऑडिट में हुआ खुलासा

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** कोरोना के दौरान ओडिशा के अस्पतालों को हुए भुगतान को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) को कोविड-19 महामारी के दौरान ओडिशा में स्थापित कोरोना के इलाज के लिए बनाए गए निजी कोविड देखभाल अस्पतालों (डीसीएच) को दिए गए भुगतान में कुछ अनियमितताएं मिली हैं।

शनिवार को राज्य विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट में यह दावा किया गया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सीएजी ने कहा कि ओडिशा सरकार ने अप्रैल 2020 में निजी अस्पतालों द्वारा प्रबंधित डीसीएच के संचालन के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे।

सीएजी ने जब खुर्दा और कटक जिलों में स्थित 18 डीसीएच के दस्तावेजों की जांच की। इस जांच में पता चला कि कोविड-19 महामारी की पहली दो लहरों में इन



18 डीसीएच में 51,967 कोविड रोगियों का इलाज किया गया था। इतने लोगों के इलाज पर 724.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

कैग ने बताया कि ऑडिट के दौरान पता चला कि दस्तावेजों की बिना उचित जांच या सत्यापन के बिना भुगतान के लिए बिल पारित कर दिया गया। इसके अलावा, बुनियादी दस्तावेजों के सत्यापन के बिना डीसीएच को 144.88 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

इसी तरह, ऑडिटर को खुर्दा और कटक जिलों में 10 निजी डीसीएच को पीपीई किट की आपूर्ति में 2.73 करोड़ रुपये की अनियमितताएं मिलीं। साथ ही डीसीएच में कार्य कर रहे डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आहार भत्ते के लिए 2.85 करोड़ रुपये का भी अधिक भुगतान किया गया।

## तेलंगाना में जेपी नड्डा का कांग्रेस पर हमला, कहा- यहां जादूगरों और धोखेबाजों की सरकार, इसे हटाएं



**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के एक साल पूरे होने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने हमला बोला। हैदराबाद में एक जनसभा में जेपी नड्डा ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार जादूगरों की सरकार है। यह धोखेबाजों की सरकार है। इस सरकार ने जनता से किए वादों को कभी पूरा नहीं किया। आने वाले समय में लोग कांग्रेस को हटाएं और भाजपा को लाकर राज्य का विकास सुनिश्चित करें।

जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस अपनी धोखेबाज़ी के लिए कुख्यात है। यह खोखले वादे करती है। बाद में किसी भी जिम्मेदारी से इनकार करती है। कांग्रेस बेईमान और चालाक दोनों है। कांग्रेस नेता अपनी जादुई चालों के लिए जाने जाते हैं, कहीं से भी कबूतर, अंडे या मुर्गियां निकाल लाते हैं और बाद में दावा करते हैं कि वादा किया ही नहीं था।

## सरकार ने जारी किए फोन इंटरसेप्शन के लिए नये नियम, सिर्फ आईजी स्तर के अधिकारी दे सकते हैं आदेश

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने फोन इंटरसेप्शन के लिए नये नियम अधिसूचित किए हैं। इन नए नियमों के बाद राज्य स्तर पर पुलिस महानिरीक्षक आपातकालीन स्थिति में फोन इंटरेसप्ट करने के आदेश जारी कर सकते हैं। इससे नीचे के अधिकारियों को आदेश जारी करने का अधिकार नहीं होगा।

यदि सक्षम प्राधिकारी आपातकाल के मामलों में आदेश जारी होने के दिन से सात कार्य दिवसों के भीतर ऐसे इंटरसेप्शन आदेश की पुष्टि नहीं करता है, तो इंटरसेप्ट किए गए संदेशों को किसी भी उद्देश्य के लिए उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और संदेशों को दो कार्य दिवसों में नष्ट करना होगा। दूरसंचार विभाग की ओर से 6 दिसंबर को प्रकाशित अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है।

सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है, जहां



सक्षम प्राधिकारी के लिए दूरदराज के इलाकों में या परिचालन कारणों से इंटरसेप्शन आदेश जारी करना संभव नहीं है, वहां केंद्रीय स्तर पर अधिकृत एजेंसी के प्रमुख या दूसरे वरिष्ठतम अधिकारी की ओर से इंटरसेप्शन आदेश जारी किया जा सकता है। वहीं, राज्य स्तर पर दूसरा सबसे वरिष्ठ अधिकारी, जो राज्य में पुलिस महानिरीक्षक के पद से नीचे न हो, आदेश जारी कर सकता है।

अधिसूचना के अनुसार केंद्र सरकार के मामले में गृह मंत्रालय में केंद्रीय गृह सचिव, राज्य सरकार के मामले में गृह विभाग के प्रभारी राज्य सरकार के सचिव सक्षम प्राधिकारी होंगे।

## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट 12 दिसंबर को करेगा सुनवाई, स्पेशल बेंच गठित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** 12 दिसंबर को प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की स्पेशल बेंच इस मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं की दलील है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट मनमाना और अनुचित है। यह धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, जिससे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 25 के तहत मौलिक अधिकारों का हनन होता है।

**किसकी ओर से दायर है याचिका :**इस मामले में मुख्य याचिका बीजेपी नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने 2020 में दाखिल की थी। इस मामले में मार्च 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जवाब दाखिल करने को कहा था। बाद में इस मामले में अन्य याचिकाएं (जैसे विश्व भद्र पुजारी



पुरोहित महासंघ व डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी आदि) भी इस कानून को चुनौती देते हुए दायर की गईं। यह कानून 15 अगस्त 1947 की स्थिति के अनुसार धार्मिक ढांचों की यथास्थिति बनाए रखने और उनके परिवर्तन के लिए कानूनी कार्यवाही पर रोक लगाता है।

सरकार अभी तक इस मामले में अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट में कई बार सुनवाई हो चुकी है और सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने समय सीमा कई बार बढ़ाई थी। आखिरी बार 11 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को कहा था कि वह 31 अक्टूबर 2023 तक जवाब दाखिल करें।

### सुनवाई के दौरान अभी तक क्या हुआ?

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 11 जुलाई 2023 को केंद्र सरकार को जवाब देने के लिए और वक्त दे दिया था। सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए और वक्त देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जवाब देने के लिए पहले भी कई बार मोहलत दे चुका है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा था कि वह 12 अक्टूबर 2022 तक जवाब दाखिल करे। फिर कोर्ट ने 31 अक्टूबर 2022 तकका वक्त दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर केंद्र सरकार से कहा था कि वह फरवरी 2023 के आखिर तक जवाब दाखिल करें।

## रेल मंत्री ने किया कटक रेलवे स्टेशन के पूर्वी भवन का उद्घाटन, कहा- यहां जल्द शुरू होंगे नए रेलवे ट्रैक

**कटक,एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार शाम कटक रेलवे स्टेशन पर पूर्वी स्टेशन भवन (राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर) का शुभारंभ किया। इस मौके पर वैष्णव ने कहा कि हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर चार रेलवे ट्रैक होंगे, जिससे इसे क्षेत्र के लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि ओडिशा के भद्रक से आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम तक तीसरे ट्रैक की मंजूरी मिल चुकी है। जिसकी अनुमानित लागत 10 हजार करोड़ रुपये है और इसका काम जल्द शुरू होगा। मंत्री ने बताया कि नए रेलवे ट्रैक के चालू होने के बाद ओडिशा से महत्वपूर्ण स्थलों के अधिक ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कटक जिले के घांटिखाल-निधिपुर रोड पर एक फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिसकी लागत 96 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, चुनाव के दौरान वादा किया गया एक अन्य रेलवे फ्लाईओवर भी अठगढ़ क्षेत्र में 268 करोड़ की लागत से बनेगा।



कटक स्टेशन के पूर्वी भवन का निर्माण 14.63 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। इससे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा में काफी सुधार होगा, क्योंकि यह राष्ट्रीय राजमार्ग से आने वाले यात्रियों के लिए सुगम और बिना किसी रुकावट के प्रवेश प्रदान करेगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह पहल स्टेशन के संचालन को आसान बनाएगा और क्षेत्र में बेहतर सुविधाओं और संपर्क की पुरानी मांग को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि नए भवन में 21 हजार वर्ग फुट का वातानुकूलित भवन, फूड कोर्ट, आधुनिक शौचालय, टिकट काउंटर, वेटिंग एरिया, एस्केलेटर, लिफ्ट भी लगाई गई हैं। इससे पहले दिन में वैष्णव ने बालासोर रेलवे स्टेशन पर एक फुट-ओवर ब्रिज (एफओबी) का उद्घाटन किया और कहा कि 200 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का पुनर्विकास भी किया जाएगा। नए स्टेशन भवन के डिजाइन को जगन्नाथ मंदिर को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दिया गया है। वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी ने मई 2024 में ओडिशा के लोगों से कहा था कि अगर राज्य में डबल इंजन की सरकार होगी, तो ओडिशा में कई विकासात्मक परियोजनाएं होंगी।

अब पिछले कुछ महीनों में प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में रेलवे परियोजनाओं के विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। राज्य में रेलवे क्षेत्र में कुल 73,000 करोड़ रुपये की निवेश योजनाएं बनाई गई हैं।

## बांग्लादेश में फिर हिंदू मंदिर पर हमला, पेट्रोल डालकर मूर्तियों को लगाई आग

**कट्टरपंथियों के आगे फेल हुए मोहम्मद यूनुस**

**ढाका,एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं। शुक्रवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (ISKCON) के एक और मंदिर में अराजक तत्वों की ओर से तोड़ा गया और आग लगा दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमला इस्कॉन नमहट्टा मंदिर पर किया गया था। इस घटना में अभी तक किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। यह घटना देश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर किया गया एक और हमला है।

घटना की पुष्टि कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने अपने एक्स अकाउंट पर इसकी फोटो शेयर कर की। उनके मुताबिक मंदिर में रखे देवी-देवताओं की मूर्तियां और अन्य सामान पूरी तरह जल गए। यह मंदिर ढाका के तुराग थाना क्षेत्र



के अंतर्गत आता है। दास ने बताया कि मंदिर के पीछे टिन की छत है, जिसे उखाड़ दिया गया। इसके बाद पेट्रोल का इस्तेमाल कर इसे आग के हवाले कर दिया गया।

### घटना को लेकर क्या कहा?

एक्स पर एक पोस्ट में राधारमण दास ने लिखा, बांग्लादेश में एक और इस्कॉन नमहट्टा केंद्र को जला दिया गया। श्री श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्तियां और मंदिर के अंदर का सारा सामान पूरी तरह जल गया। यह केंद्र ढाका में स्थित है। आज तड़के सुबह 2-3 बजे के बीच, अराजक तत्वों ने श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर और श्री श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर को आग के हवाले कर दिया, जो हरि कृष्णा नमहट्टा संघ के अंतर्गत आता है। यह मंदिर ढाका जिले के धौर गांव में स्थित है, और तुराग थाना क्षेत्र के तहत आता है।

# सोनपुर मेला में अजूबा मछली व भूत-पिशाच प्रदर्शनी मेलार्थियों का खूब कर रहा मनोरंजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला मे पहली बार देश विदेश के रंग-विरंगी मछलियों के साथ- साथ भूत पिशाच, सांप,फांसी पर लटकता लाश, कंगाल ढ़ोल बजाकर शमसान को जगाते हुए लाश को चीता पर जलते दृश्य मेलार्थियों का खूब मनोरंजन कर रहा हैं। वहीं प्रदर्शनी के अंदर स्वामिंग पुल- तालाव के साथ- साथ अमरनाथ, वैष्णो देवी, शिव खेरी का दर्शन कराया जा रहा है। यह सब दृष्य एक प्रदर्शनी में व्यवस्थापक आर्य समाज प्रधान सर्वानंद सिंह ने लगायी है। सर्वानंद सिंह ने बताया कि मेलार्थी सपरिवार बाल-बच्चों सहित आकर प्रदर्शनी का आनन्द उठ रहे हैं। प्रदर्शनी का पिछले भाग में तलाव बना है जिसमें प्लास्टिक का हवा भरा नाव भी है जिसपर बैठकर नौका विहार का आनंद मेलार्थी उठा रहे है इतना ही नहीं अजुबा लैण्ड गाय बाजार में लगा हुआ ब्रेक डांस, टोवर, न्यू ऑक टोप्से एसका इम साथ रहा टॉवर कॉलम्बस है.माँ वैष्ण देवी का भी दर्शन है। अजुबा डिजनी लैण्ड है जहां सुनामी झूला के साथ माँ का भी दर्शन कराया जा रहा है। मेला का आनंद उठाने वाले पति-पत्नी, अपने बच्चे व दोस्त- यार के साथ- साथ हम उम्र के युवक-युवतियां, छात्र - छात्राएं भी आकर विभिन्न प्रजाति के अमरीका, पकिस्तान, यूरोप, भूटान, नेपाल चीन सहित अन्य देशो के दर्जनों लाल पीला अन्य छोटे बड़ी रंग के मछलिया जो देखे नहीं होंगे वह भी मछली देख सकते है । झूला पर टिकट कटाकर चढ़कर रहे है तो बिना टिकट कटाये लोग झुलने नीचे उपर होते लोगों को देखकर जमीन पर से ही खड़े होकर आनन्द ही आनंद लेते हुए हंसते-हंसते आपस में लोट-पोट हो जा रहे है। झुला से उत्तरने के बाद कोई कहती हे नीचे उत्तरे ते ही मन गुद?गुदा गेल तो कोई कहती है दिल में सन-सनो हेल गेलउ ह । मेलार्थी इस प्रदर्शनी को देखकर आनंदित हो उठती है और कहती है यह सब देखना चाहिए।





सोनपुर के रहर दियरा चौक पर लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत राहर दियर चौक पर लाइब्रेरी का उद्घाटन शनिवार को किया गया। उक्त बात की जानकारी देते हुए प्रभात शंकर ने शनिवार को बताया कि राहर दियारा गांव के लाल रंजीत यादव,मर्जेंट नेवी में कार्यरत, नीतीश उज्जवल,आईपीएस अधिकारी, प्रभात शंकर ,अखलेश यादव,पूर्व मुखिया,चंद्रिका राय , नजरमीरा गांव के समाज सेवी के सहयोग से राहर दियार चौक पर राहर दियार, नजरमीरा लाइब्रेरी का उद्घाटन पूर्व प्रधानाध्यापक गुलाब राय के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। राहर दियार, नजरमीरा लाइब्रेरी में इंजीनियरिंग,एंट्रेंस एग्जामिनेशन एवं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई है। इस लाइब्रेरी के अंदर अनेक तरह के पुस्तक के उपलब्ध है। लाइब्रेरी के उद्घाटन होने के उपरांत यहां के छात्र छात्राओं व युवा पीढ़ी के लोग इससे लाभान्वित होंगे । उद्घाटन के उपरांत राहर दीयर गांव के रंजीत यादव,मर्चेंट नेवी में अधिकारी, नितेश उज्जवल,आईपीएस अधिकारी, विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित किए, उन्होंने यहाँ के बच्चों को परीक्षा के लिए उपयोगी ऑनलाइन निःशुल्क पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराई हैं और कहां है कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो इसके लेकर सभी लोगों की सहयोग की जरूरत है। क्योंकि बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। कोई भी बच्चे पैसे जैसी समस्याओं के लेकर पढ़ाई नहीं छोड़ेंगे उनके लिए समाज हर लोग खड़े हैं। बच्चे मन लगाकर पढ़े और अच्छे मुकाम पर पहुंचे वहीं गांव के लोगों का सपना है। इस मौके पर काफी संख्या में नजरमीरा,रहर दियरा के लोग मौजूद रहे।

## सोनपुर मेला मे कुश्ती प्रतियोगिता में शमशेर ने रूद्रेश को हराया



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिला प्रशासन सारण के सौजन्य से हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के तहत डाक बंगला मैदान परिसर में होने वाली दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रशासनिक उदासीनता के कारण शुक्रवार को नहीं हो सका। जबकि राज्य के विभिन्न जिलों से सौ से अधिक पहलवान कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सोनपुर पहुंचे थे ।इस संबंध में कुश्ती प्रतियोगिता के संयोजक विकास कुमार ने बताया कि शुक्रवार से दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ होना था। इस कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राज्य के 26 जिलों के 100 से अधिक पहलवान पहुंच चुके थे लेकिन प्रशासन के उदासीनता के कारण अखाड़ा अथवा मैट का इंतजाम नहीं किया जा सका था। कुश्ती की प्रतियोगिता शनिवार को आरंभ हुई।आरंभिक मुकाबले में बिहार केसरी के लिए हुए मुकाबले में 80 किलो से ज्यादा वजन वर्ग में शमशेर पहलवान कैमूर ने रूद्रेश कुमार कैमूर को पराजित कर दूसरे दौर में प्रवेश कियाद्य प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त सारण यतेंद्र कुमार पाल,अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, आशीष कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी संकेत कुमार ने हनुमान जी के नमन कर दंगल प्रतियोगिता आरम्भ किया। अतिथियों का स्वागत जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी ने किया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता संयोजक डॉक्टर राजेश शुभांगी।, बिहार कुश्ती संघ के महासचिव विनय कुमार, कुश्ती प्रतियोगिता के संयोजक विकास कुमार, तकनीकी पदाधिकारी। उदय तिवारी,संजीव कुमार,कुणाल कुमार, अजय यादवआनंद यादवलाल यादव। भंवरिक यादव आदि मौजूद थे।

## अकिलपुर मे सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का हुआ शुभारंभ

### भागवत कथा सुनने व आत्म मनन करने से आत्मा की मिलती है शांति-मौनी बाबा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के शिकारपुर के अकिलपुर ग्राम मे आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा मे वृंदावन से पधारे कथा वाचक चंदन कृष्ण शास्त्री जी ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। चंदन कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। लोक सेवा आश्रम के संत मौनी बाबा एवं दरियापुर मठ के मठाधीश द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कथा का आरंभ किया । इस मौके पर मौनी बाबा ने कहाँ भागवत कथा हर मनुष्य को सुनना चाहिए.कथा सुनने से आत्मा के संतुस्टी मिलती है.भागवत कथा सुनने व अमल करने की जरूरत है। भागवत कथा से मोक्ष के प्राप्ति होती है। श्रीमद भागवत कथा के व्यास चंदन कृष्ण शास्त्री ने द्वितीय दिवस की कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। शास्त्री ने कहा कि नारद शिष्य ध्रुव ने अटल तपस्या से भगवान का मनमोह लिया। जिससे अपना और अपने परिवार का नाम अक्षय कर लिया। भागवत महामात्मय का प्रसंग आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि भागवत ही भगवान है। भागवत भगवान का अक्षरावतार है। वक्ता श्रोता के धर्म को विवेचना करते हुए बताया कि वक्ता का चरित्र स्वच्छ होना चाहिए, वहीं श्रोता भगवान के प्रति समर्पित होना चाहिए। वक्ता प्रेरणा का पुंज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान जीव का उद्धार करते हैं। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में पांडवों के वंशवली का सुन्दर वर्णन किया। व्यास ने अपने व्याख्यान में बताया कि जैसा खाओगे अन्न, वैसा ही होगा मन, कथा को आगे बढ़ाते हुए युधिष्ठिर द्वारा प्रश्न प्रसंग का भी सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान सोनपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



## शराब जांच के बहाने आए स्कॉर्पियो सवार ने हथियार दिखा एक दर्जन बकरी की चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के तख्त टोला,पूरब टोला और हसापीर गांव में शराब जांच के बहाने आए चार चक्का सवार अपराधियों ने हथियार का भय दिखा एक दर्जन बकरी चोरी करने का मामला सामने आया है। चोरी की घटना करने आए हथियार से लैस अपराधियों ने शराब जांच की पुलिस टीम बोल टॉर्च जलाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस और 112 की टीम जांच पड़ताल में जुटी है। तख्त टोला गांव में जूबैदा खातून पति कासिम राय का 2 बकरी,पूरब टोला गांव में अब्दुल शमद अंसारी का 3 , मुलाजिम अंसारी का 3 और हसापीर गांव में शीतल राम का -3 ,दिनेश राम का 1 और राधारमण राम का 1 बकरी चोरी होने का मामला सामने आया। एक ही रात में अलग-अलग गांवों में बकरी चोरी होने की घटनाओं से बकरी पालने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। घटना के बारे चोरी गये लोगों ने बताया कि चार चक्का वाहन से आए अपराधियों ने शराब जांच करने वाली पुलिस टीम के बहाने ताला काट दर्जनों बकरी चोरी कर ली गई। वहीं तख्त टोला गांव में बकरी चोरी की घटना के समय से ही एक युवक के गायब होने की बात परिजनों के द्वारा बताई गई, जिससे परिजन अज्ञात घटना से भयाक्रांत हैं। आपकों बता दें कि थाना क्षेत्र में बकरी चोरी और भैस गांय की चोरी की घटनाओं में वृद्धि दर्ज हुई है। बीते साल पहले मशरक के हनुमानगंज गांव में छपरा मशरक एस एच 90 पर भी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्क्रारपियो में एक दर्जन बकरी लदा पाया था। आपकों बता दें कि चोरी की घटनाओं में पुलिस बोल कर अपराधी आए और बकरी लूट कर चले गए। लोगों ने बताया कि सभी हथियार से लैस थे और शराब ढूंढने के बहाने घर में घुसे थे। बताया जाता है कि ज्यादातर मामले में लोग पुलिस को आवेदन नहीं देते हैं और आवेदन देते भी हैं तो पुलिस गंभीरता से मामले को लेती नहीं है।

## धनुष कुटीर आश्रम सोनपुर में यात्री निवास निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य का मंत्री ने किया शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरी और हर की धरती पर बिहार सरकार के पर्यटन एवं उद्योग विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने शनिवार को सोनपुर पहुंच कर कालीघाट स्थित धनुष कुटीर आश्रम में यात्री निवास निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत उन्होंने कहा कि वर्तमान यात्री निवास पर्यटकों की संख्या के लिए काफी छोटा है एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। पर्यटकों की सुविधा हेतु 4 करोड़ 98 हजार 37 हजार 200 रूपये की लागत से एक नया चार मंजिला यात्री निवास का निर्माण किया जा रहा है। इसके भूतल पर एक हॉल, प्रथम एवं द्वितीय तल पर एक-एक अदद महिला डॉरमेट्री एवं पुरूष डॉरमेट्री, तृतीय तल पर कुल 08 कमरों का निर्माण शौचालय सहित किया जाना है। प्रत्येक तल का निर्मित क्षेत्रफल करीब 2800 वर्गफीट का होगा।इसके निर्माण से सोनपुर में आने वाले पर्यटकों को काफी सहुलियत होगी। इस मौके पर स्थानीय विधायक रामानुज प्रसाद, स्थानीय सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, समाजसेवी लालबाबू पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना के प्रबंध निदेशक नन्द किशोर, महाप्रबंधक (योजना एवं विकास) अभिजीत कुमार, मुख्य अभियंता अशोक कुमार उपस्थित थे। वही धनुष कुटी आश्रम के संत बालक बाबा ने कहाँ कि इस भूमि पर स्वयं भगवान श्री हरि सुदर्शन चक्र से ग्राह को मार कर गज को मुक्त किया हरिहर क्षेत्र महोत्सव की स्थापना कर महाकुंभ की भांति हरिहर क्षेत्र महोत्सव सोनपुर मेला का आयोजन की स्थापना किया जो आज भी जीवंत है ,सत्य धर्म और न्याय का प्रतीक गजेंद्र मोक्ष कथा वैश्विक मानचित्र पटल पर अंकित है ।

हाथी का इकलौता प्रदर्शनी छोटा पक्षी से लेकर हाथी तक का इकलौता पशु मेला जो आदिकाल से भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं वैदिक परंपरा की पहचान रही है, जो पूर्णतया विघटित हो चुका है। जिसके सिलसिले में आमूल चूल परिवर्तन किया जाना परम आवश्यक प्रतीत हो रहा है।इस स्थल पर सालो भर तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों स्नानानार्थियों साधु संत अतिथियों के सेवा में यहां के लोग सदा तत्पर है। अतएव पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों, साधु संत अतिथियों के सुविधा के दृष्टिकोण से धनुष कुटीर आश्रम का विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य योजना का डीपीआर तैयार किया गया है इसके पूर्ण निर्माण में करीब 2450 को रुपए की योजना कुशल इंजीनियर के द्वारा की गई है।



## दुष्कर्मी टेम्पू चालक की धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के घुरना नहर के पास एक सवारी विवाहित महिला से टेम्पू चालक का दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। यह तब सामने आया जब दुष्कर्म के बाद टेम्पू चालक महिला को जबरन अपने घर ले जाने लगा। महिला के हल्ला मचाने पर आस पास के लोग जमा हो गए। सही बात के सामबे आने पर ग्रामीणों ने टेम्पू चालक की जमकर धुनाई कर दी। बाद में पुलिस को सूचना देकर महिला और चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। आरोपी टेम्पू चालक राहीमपुर निवासी शिवजी मांझी का 45 वर्षीय पुत्र सिकंदर मांझी बताया गया है। पुलिस ने जख्मी टेम्पू चालक का मढ़ौरा रेफरल अस्पताल म इलाज कराया। वही पीड़ित महिला के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टेम्पू चालक सोनपुर मेला से सवारी को छोड़कर वापस मढ़ौरा लौट रहा था। इसी दौरान भेल्दी के पास पीड़ित महिला उसकी टेम्पू पर बैठी। महिला को लेकर टेम्पू चालक मढ़ौरा आ गया था। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है वही आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## जहरीली शराब कंाड में अभियुक्तों पर चलेगा स्पीडी ट्रायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र में बीते महीनों पहले जहरीली शराब कंाड में नामजद अभियुक्तों को स्पीडी ट्रायल कर सजा दिलवाईं जाएंगी उक्त बातें मशरक डीएसपी अमरनाथ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा। उन्होंने बताया कि मशरक थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बीते महीने पहले जहरीली शराब पीने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई वहीं कुछ लोग बीमार हो गए। मामले में थानाध्यक्ष धनंजय राय के द्वारा कंाड संख्या 578/24 दर्ज कराई गयी। जिसमे 8 को नामजद अभियुक्त बनाए गये और अन्य अज्ञात को भी अभियुक्त बनाया गया। डीएसपी अमरनाथ ने कहा कि कंाड का त्वरित अनुसंधान करते हुए 8 नामजद और 4 अप्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेजा गया ,वही सभी अभियुक्तों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। साथ ही अप्राथमिक अभियुक्त रानी कुंअर पति स्व सुरेश राम को गंडामण गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आम लोगों से निवेदन किया कि शराब समाज और स्वास्थ्य के लिए बुरी चीज है। यदि मशरक, इसुआपुर, तरैया और पानापुर थाना क्षेत्र में शराब का निर्माण, भंडारण या ब्रिकी की जा रही तों इसकी सूचना थाना पुलिस को दे। आपकी सूचना गोपनीय रखतें हुए कारवाई की जाएंगी।

## बहरौली में घर के खिड़की के पास शराब पीने से रोकने पर मारपीट में युवक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली गांव में घर के खिड़की के पास शराब पीने का विरोध करने पर युवक मारपीट में गंभीर हालत में सीएचसी मशरक में इलाज के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान बहरौली गांव निवासी 24 वर्षीय सलामुद्दीन अंसारी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल के परिजनों ने बताया कि पड़ोस के कुछ लफंगे युवक घर के खिड़की के पास शराब पीते हैं जिनको बराबर मना किया जाता है पर वे मारपीट और गाली गलौज करते हुए वहीं पर शराब पीते हैं उसी का विरोध करने पर कि यहां शराब मत पीओ तों मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। मामले में थाना पुलिस से शिकायत दर्ज कराने की बात बताई गयी। वहीं मगुरहा गांव निवासी राजन कुमार महंतों उम्र 26 आपसी विवाद में घायल हो गए।

## शनिवार को डिग्री स्नातक पार्ट 2 की परीक्षा शुरू

**मांझी/दाउदपुर।** नंदलाल सिंह कालेज जैतपुर- दाउदपुर में शनिवार को डिग्री स्नातक पार्ट 2 की परीक्षा शुरू हुई। प्रथम दिन बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों के पहुंचने से परीक्षा केंद्र पर काफी चहल-पहल देखने को मिली। कालेज परिसर में प्रवेश के दौरान गेट पर भारी संख्या में परीक्षार्थियों के परिजनों की भीड़ उमड़ी। वहीं छपरा-सिवान मुख्य मार्ग के किनारे दोनों साइड में बाइक व अन्य चौपहिया वाहनों को खड़ा कर देने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। मुख्य मार्ग पर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में दाउदपुर थानाध्यक्ष नवलेश के नेतृत्व में पहुंची पुलिस के द्वारा परीक्षा केंद्र के समीप छपरा- सिवान मार्ग पर किनारे खड़ी बाइक को हटवाया गया। उसके बाद पुलिस की सहायता वाहनों को धीरे-धीरे पास कराया गया। तब जाकर जाम की स्थिति समाप्त हुई। हालांकि बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के साथ पहुंचे परिजनों के कारण आस-पास मेले जैसा दृश्य था। कालेज के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ केपी श्रीवास्तव ने बताया कि यहां जेपीयू द्वारा डॉ पीएन सिंह डिग्री कालेज छपरा व लोक महाविद्यालय हाफिजपुर के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शनिवार को प्रथम पाली में रसायन शास्त्र, अर्थशास्त्र व जंतु विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। जिसमें कुल 369 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं द्वितीय पाली में भौतिकी, गृह विज्ञान, भूगोल, हिन्दी व कॉमर्स विषय की परीक्षा ली गई। जिसमें कुल 1076 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार मिश्रा ने पहुंच कर निरीक्षण किया और व्यवस्था की जानकारी ली।

## कार्यकर्त्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने किया क्षेत्र दौरा

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** छपरा शहर के रामजयपाल सिंह कॉलेज में रविवार को होने वाले जिला जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर माँझी प्रखंड में जदयू के वरिष्ठ नेता व प्रखंड अध्यक्ष सहित जदयू के अनेक नेता मांझी के विभिन्न पंचायतों का सघन दौरा कर रहे हैं। पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी के लोगों को कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आह्वान कर रहे हैं। इस क्रम में शनिवार को जदयू के वरिष्ट नेता व पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मांझी के माड़ीपुर,दाउदपुर,बलेसरा,नगर पंचायत, ताजपुर, डुमरी, मझनपुरा, कौरुधौरु, धनीछपरा, गुर्दाहा कला, मरहा आदि विभिन्न पंचायतों का दौरा कर पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी से मिलकर उनके साथ विचार विमर्श किया। इन सभी जगहों पर सम्पर्क करने के बाद पूर्व मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर जदयू कार्यकर्ताओ में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रखंड जदयू अध्यक्ष अख्तर अली, अलखदेव महतो, श्यामबिहारी सिंह, राकेश सिंह,सुरेंद्र राम,राजकुमार माँझी, वसी अहमद,अजित सिंह, अजय सिंह,मिथिलेश सिंह,बबलू सिंह तथा सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल थे।

## किसान को सांप ने डंसा, हालत गंभीर

**सिवान :** दारौंदा थाना क्षेत्र के कोडारी खुर्द गांव में जहरीले सांप के डंक से एक किसान की हालत गंभीर हो गई। उसे स्वजनों ने इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां स्थिति गंभीर होता देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। किसान की पहचान लालचंद शाह के पुत्र सुरेंद्र शाह के रुप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि खेत में साफ सफाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने डंस लिया। बताया कि स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय विभाग स्तरीय आचार्य सम्मेलन आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** दधीचि ऋषि मुनि के पावन भूमि पर अवस्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय विभाग स्तरीय आचार्य सम्मेलन (सिवान विभाग) के द्वितीय दिवस के वंदना सत्र का उद्घाटन संगठन मंत्री ख्यालीराम, स्वामी अति देवानंद जी (रामकृष्ण मिशन छपरा), प्रो. प्रमेंद्र कुमार सिंह ( प्राचार्य, गोरिया कोठी महाविद्यालय), राजेश कुमार रंजन (विभाग निरीक्षक सिवान), राज देव सिंह (शिक्षण मंडल, कोषाध्यक्ष, लोक शिक्षा समिति बिहार), सुरेश प्रसाद सिंह (सचिव, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति), ओमप्रकाश दुबे (सचिव, महावीर विद्या मंदिर, सिवान) फणीश्वर नाथ (प्रधानाचार्य )ने संयुक्त रूप से पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का परिचय एवं सम्मान प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ ने किया। स्वामी अति देवानंद जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान शिक्षा पद्धति में समन्वय करते हेतु विद्या भारती द्वारा संचालित शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर सकता है। शिक्षा ऐसा हो जो रोजगारन्मुख के साथ संस्कारवान हो। विद्यार्थियों को किसी माध्यम से शिक्षा देना गुनाह नहीं है बल्कि उनमें हिंदुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्रभक्त का संस्कार को भरकर एक ऐसा व्यक्तित्व का निर्माण करना है जो राष्ट्र के लिए समर्पित हो । डॉक्टर प्रोफेसर प्रर्मेंद्र कुमार सिंह ने आचार्य बंधु भगिनियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक आदर्श शिक्षक का शिक्षण कार्य सरल सुस्पष्ट और स्थानीय भाषा में होना चाहिए । उन्होंने बताया कि शिक्षक हमेशा एक नींव रूपी ईट की भूमिका में होनी चाहिए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास रूपी मंजिल की मजबूती बनी रहे । उन्होंने विभिन्न शिक्षकों के लिए बहुत सारे से ट्रिप्स एवं उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि बच्चों को कैसे सर्वांगीण विकास किया जा सके। द्वितीय दिवस के अन्य सत्रों में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे आदर्श पाठ की प्रस्तुति, आशु भाषण, चित्रकला ,समता, प्रश्न मंच, व्यायाम योग एवं गीत की प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में बैजनाथ मिश्रा,ओम प्रकाश




दुबे, पारसनाथ सिंह एवं अन्य प्रधानाचार्य निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित थे। आज का आचार्य बंधु भगिनी का भोजन मातृ हस्त भोजन के रूप में कराया गया । इस भोजन को करने के लिए लगभग एक सौ परिवार सम्मिलित हुए थे।मंच का संचालन महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, सिवान के द्वारा किया गया। सभी प्रधानाचार्य एवं प्रतिभागी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## 16 को छपरा आयेंगे जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष, तैयारी को लेकर हुई बैठक




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती 16 दिसंबर को छपरा आगमन को लेकर पार्टी कार्यालय में शनिवार को जिलाध्यक्ष बच्चा राय की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी व राज्य पारिषद के सदस्यों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उनके छपरा आगमन पर सभी तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम को भव्य व एतिहासिक बनाने को लेकर रोड मैप तैयार किया गया। उनके स्वागत में सोनपुर से लेकर छपरा के बीच दर्जनों तोरणद्वार, बैंड बाजा, बैनर झंडा के साथ साथ जगह जगह कार्यकर्ता फुल मालाओं से उसका स्वागत करेगें। जिसको लेकर तैयारी समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। उनके आगमन पर जिले हजारों कार्यकर्ता पूरे जोर शोर के साथ लगे रहेगें । बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन महासचिव श्रवण महतो, अभियान समिति के जिला संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज, जिला युवाध्यक्ष कुमार शिवम, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, राज्य परिषद सदस्य मुन्ना भवानी, कन्हैया सिंह, अशोक सिंह, अभय सिंह, ललित तिवारी, सम्पत्त राम राही,मुसाहिब महतो,सत्येंद्र प्रसाद,सुरेश सिंह,नूतन शर्मा,आरती सहनी, प्रीति रानी, रमेश गिरी,राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकता शामिल थे।सभा का संचालन कार्यालय प्रभारी नवनीत यादव ने किया।




## बाईपास निर्माण को लेकर जन सुनवाई आयोजित, रैयतों ने दिया सुझाव

**दैनिक खोज खबर/रिविलगंज।** इनई -विष्णुपूरा बाईपास निर्माण हेतु 4 गांव सेमरिया नेवाजीटोला ,जैल शहर ,छोटा तेलपा के रैयत के साथ जन सुनवाई रिविलगंज नगर पंचायत सभागार में ग्रामीणों के साथ सुझाव लिया गया। मालूम हो कि सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी के द्वारा रिविलगंज-इनई -विशुनपुरा बाईपास 21 किलोमीटर का स्वीकृति कराया गया है। बाईपास सड़क निमार्ण से रिविलगंज, मांझी, बलिया ,रघुनाथपुर आदि जनता को काफी सुविधाजनक होगी। नेवाजीवटोला के रैयत प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने सुझाव दिया कि इतनी बड़ी सड़क में कम से कम 4 एप्रोच रोड होनी चाहिये।निर्भय कुमार ने कहा कि मुवावजा असली रैयत को मिलनी चाहिये। छोटा तेलपा के रैयत गौरी सिंह ने कहा कि रैयत को हर जानकारी सही सही विभाग द्वारा दिया जाना चाहिये। अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययान संस्थान के रिविलगंज - विशुनपुरा बाई पास परियोजना के निर्देशक प्रो डॉ विद्यार्थी विकाश ने सरकार के द्वारा नियमावली को रैयतों के बीच विस्तार से रखा। इस सड़क बनने से क्या क्या विकाश होगी। स्थानीय जनता को क्या फायदा होगी। क्या मुवावजा मिलेगा विस्तार से बताया एवं रैयतों का सुचाव लिया। इस कार्यक्रम में रिविलगंज नगर एस्क्यूटिभ , प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान,सामाजिक न्याय के अजय कुमार, सहित सैकड़ो रैयत शामिल हुए।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की उपचार के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी/दाउदपुर।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव निवासी पशुराम सिंह के इकलौते पुत्र 22 वर्षीय रोहित कुमार की पटना में उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित कुमार अपने संबंधी के यहां महाराजगंज बाइक से गया हुआ था। जो 24 नवम्बर को अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था। उसी दौरान एकमा महाराजगंज मुख्य पथ पर रानी बाड़ी गांव के समीप स्कॉर्पियो की ठोकर लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जिसके बाद रोहित को छपरा में इलाज के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया था। जहां इलाज के क्रम में शुक्रवार की शाम को मौत हो गई थी। इस घटना के बाद माता और पिता का सहारा छिन गया है। मौत के बाद परिजनों रो रोकर बुरा हाल है। मालूम हो कि रोहित की शादी की चर्चा भी चल रही थी। परशुराम सिंह के एक पुत्र व एक पुत्री है । पुत्री की शादी चार साल पूर्व हो चुकी है। पुत्र की शादी होने वाली थी लेकिन भगवान को यह मंजूर नहीं था।

## 30 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज एवं दो नशेड़ी सहित तीन लोग गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी/दाउदपुर।** दाउदपुर थाना पुलिस ने जैतपुर गांव में छापेमारी कर 30 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज एवं दो नशेड़ी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जैतपुर नयका टोला गांव में पुलिस से चोरी छिपे देसी शराब का धंधा चल रहा है जिसपर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी कर 30 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज धर्मेंद्र राम सहित दो नशेड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसमें प्रकाश कुमार राय एवं मुन्ना राय दोनों एक ही गांव भटकेसरी के शामिल है। बाद में आवश्यक पूछताछ बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## इसुआपुर जनता दरबार में तीन मामलों का हुआ निपटारा

**इसुआपुर(सारण)।** थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में तीन मामला आया। जिसको दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद बुलाकर सुलह समझौता कर लिया। पहला मामला अगौथर सुंदर गांव के देवनारायण राम तथा सुदामा राम के बीच वही दूसरा मामला गंगोई गांव के मृत्युंजय कुमार तथा लालबाबु राय के बीच तथा तीसरा मामला शामपुर शिवदियरी गांव के सुदर्शन सिंह तथा राजकुमार गिरी के बीच सड़क विवाद था। वही वर्षों से लंबित जमीनी विवाद का मामला था। मौके पर सीओ करुण करण, थाना से एएसआई मोहम्मद फिरोज तथा राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय थे

## इसुआपुर सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**इसुआपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के अचितपुर नट टोला गांव के केश्वर नट का 25 वर्षीय पुत्र मनोज नट सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों तथा स्वजनों की सहायता से इसुआपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## 10 दिसंबर तक चलेगा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, निकाली गई रैली




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान आगामी 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। जिसको लेकर शनिवार की सुबह मशरक के राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर चरिहारा में जागरूकता रैली निकाली गई। नारायणी सेवा संस्थान के प्रोजेक्ट कॉडिनेटर अखिलेंद्र सिंह ने बताया कि यह अभियान हमारे विकसित भारत के सपनों को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। प्रधानाध्यापक छविनाथ त्रिपाठी, विजेंद्र सिंह शिक्षक, रत्नेश कुमार वर्मा, नरसिंग प्रसाद, अंजू कुमारी, धर्मेंद्र दास,तबरेज आलम के संयुक्त अगुवाई में विधालय की छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली जो गांवों का भ्रमण कर पुनः विद्यालय परिसर पहुंची। मौके पर अखिलेंद्र सिंह ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई है। इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाना संस्था का लक्ष्य है। जिले के सभी क्षेत्रों में जाकर इसके लिए आमलोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## जब पुण्य का उदय होता है तब श्रीमद्भागवत कथा का अनुष्ठान होता है

**सिसवन (सिवान) :** प्रखंड के जयी छपरा गांव स्थित जानकी धाम में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पूजा अर्चना एवं भागवत कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। भागवत कथा के प्रथम दिन शुक्रवार की शाम कथावाचक केन बाबा ने भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानवजाति तक पहुंचाता रहा है। भागवत पुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का बखान करते हुए कहा कि सबसे पहले सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। उन्होंने कहा कि भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। इस मौके पर देवेंद्र सिंह उर्फ बबुआ जी, माला पांडेय, सकलदेव पांडेय, सचिन पांडेय, विश्वजीत पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मशरक अंचल में लगा जनता दरबार, पहुंचे फरियादी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के प्रखंड कार्यालय परिसर के अंचल कार्यालय में सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार की मौजूदगी में जनता दरबार आयोजित किया गया। वहीं सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना में सीओ के साथ थानाध्यक्ष के द्वारा दुर्व्यवहार पर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया है। सीओ सुमंत कुमार ने कहा कि जनता दरबार में 5 नया मामला दर्ज कराया गया जिसे पंजीकृत कर लिया गया वहीं पहले से 35 मामले लंबित थें जिन पर सुनवाई करते हुए 4 मामले का समाधान कर दिया गया। बचें सभी मामलों का अगले शनिवार के जनता दरबार में दोनों पक्षों की मौजूदगी में सुनवाई की जाएंगी।



## ठंड बढ़ते ही चोर सक्रिय, टेढ़ीघाट में तीन दुकानों का बनाया निशाना

**हुसैनगंज (सिवान)।** जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है चोर सक्रिय होने लगे हैं। इस क्रम में शुक्रवार की रात चोरों टेढ़ीघाट बाजार में तीन दुकानों का ताला तोड़ हजारों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। पीएसआइ दीपक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर टेढ़ीघाट बाजार जाकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि चोरों ने मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर केवल सीरिंज गायब की है, जबकि एक लकड़ी तथा खाद की दुकानों को ताला तोड़ा है, लेकिन किसी का कोई सामान चोरी नहीं गई है। विदित हो कि पिछले वर्ष भी आभूषण दुकान सहित कई दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया था। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर रात्रि गश्त की अवधि बढ़ाई जाएगी।

## सीपीआइ नेता के निधन पर शोक

**सिवान।** दारौंदा प्रखंड के रुकुंदीपुर निवासी व सीपीआइ के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व अंचल सचिव जनार्दन राम का निधन शुक्रवार की देर शाम हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को जनार्दन राम अमर रहे, जनार्दन राम के सपनों को मंजिल तक पहुंचाएंगे के नारों के साथ नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। इसके पूर्व दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। माले नेता जयशंकर पंडित ने कहा कि जनार्दन राम के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इस मौके पर सेवानिवृत डीएसपी शिव नारायण राम, हरेंद्र कुमार, आरजेडी अध्यक्ष राजन कुमार राम, अशोक कुमार आदि शामिल उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापकों की बैठक में अपार आइडी कार्ड बनाने पर चर्चा

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी सभागार में शनिवार को बीईओ राजकिशोर उपाध्याय की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। बैठक में विद्यालय के संचालन तथा उसके रख रखाव, अपार आइडी समेत अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बीपीएम शिक्षा आशीष रंजन ने बताया की हाउस सर्वे, अपार आइडी,जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शिक्षण सामग्री वितरण, विद्यालय में बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति, एमडीएम संचालन रिपोर्ट, सर्दी के मौसम में विद्यालय पहुंचे बच्चों की देखभाल सहित अन्य बिंदु पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नौ और 10 दिसंबर को विद्यालय के मेगा अपार दिवस मनाया जाएगा। इसमें दो दिनों में आधारयुक्त उन सभी बच्चों का अपार आइडी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है उनके माता-पिता से फार्म लेकर बीआरसी जमा करना है ताकि समय से जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा सके। जन्म प्रमाण पत्र बनने पर आधार कार्ड के साथ ही साथ अपार आइडी बनने में आने वाली परेशानी खत्म हो जाएगी। बैठक में प्रधानाध्यापक शंभूनाथ ठाकुर, पूनम कुमारी, वेद प्रकाश पांडेय, वीणा कुमारी, राजेंद्र प्रसाद सिंह, विनय प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने के मामले में गिरफ्तारी को ले छापेमारी

**महाराजगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के रिसौरा पंचायत स्थित जगदीशपुर गांव में चार दिसंबर की रात्रि गांव के ही अजहर अली की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने उसके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। इस मामले में मृतक के पिता खलील मियां के आवेदन पर एक युवती समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। प्राथमिकी के बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हर हाल में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, चार घायल

**हुसैनगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के एसएच 89 पर पिछले 24 घंटे के अंदर हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। एक मृतक की पहचान पूर्वी हरिहांस के रगड़ टोला निवासी 55 वर्षीय शिवपूजन यादव के रूप में हुई। जबकि दूसरा आंदर थाना क्षेत्र का बताया जाता है। समाचार प्रेषण तक उसके नाम की जानकारी नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम शिवपूजन यादव खोदाईबारी मोड़ के समीप पैदल ही कहीं जा रहे थे। तभी बरात लेकर जा रही एक अनियंत्रित स्कार्पियो की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं दूसरी घटना शुक्रवार की देर शाम छपियां नहर पुल के समीप हुई। जहां ट्रक की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रक को जब्त कर लिया तथा घायल को उपचार क लिए सदर अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सूचना पर पहुंचे स्वजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए घर लेकर चले गए। वहीं थाना क्षेत्र के रफीपुर मोड़ तथा छाता में हुई अलग-अलग घटना में दोनों बाइक पर सवार चार युवक घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली।

## पुलिस सभा में एसपी ने सुनी पुलिस कर्मियों की समस्याएं

**सिवान :** पुलिस लाइन में शनिवार को एसपी अमितेश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। पुलिस सभा में पुलिस कर्मियों द्वारा एसपी के समक्ष कई प्रकार की विभाग से जुड़े समस्याओं को रखा गया। जिसको एसपी के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी पुलिस लाइन में रहने वाले सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस सभा का आयोजन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत हो कर संबंधित शाखाओं को इन समस्याओं के शीध्र समाधान हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने उनके समक्ष रखी गई सभी समस्याओं के निराकरण के आदेश दे दिए हैं।

## बिजली चोरी कर उपयोग करने को ले 82 हजार रुपए का जुर्माना

**सिवान :** शहर के बनिया टोली स्थित दो घरों में बिजली कंपनी ने छापेमारी की। छापेमारी में मीटर बाइपास कर बिजली चोरी पकड़ी गई। नगर थाना को दिए आवेदन में सेक्शन एक के सहायक अभियंता कुंदन कुमार सिंह ने बताया है कि कंपनी मुख्यालय से बनिया टोली में बिजली चोरी की सूचना मिली थी। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों घरों में पोस्टपेड मीटर लगा हुआ था। सर्विस वायर के सहारे मीटर से पहले बाइपास कर बिजली चोरी की जा रही थी। दोनों पर करीब 82 हजार रुपये राजस्व क्षति का आरोप लगाया गया है। छापेमारी में एसटीएफ के सहायक अभियंता विपिन कुमार रजक, जेई शिखा वर्मा, लाइनमैन सत्यप्रकाश व मानवबल मो.शहजाद शामिल थे। दोनों का बिजली कनेक्शन महिला के नाम से है।

# टीबी संक्रमण को रोकने के लिए जिले में सौ दिवसीय सघन अभियान शुरू

**सिवान :** राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी रोगियों की खोज और टीबी से होने वाली मरीजों की मृत्यु दर को कम करने के साथ ही नए व्यक्तियों को संक्रमित नहीं होने के प्रयासों में तेजी लाने के उद्देश्य से सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारंभ किया गया। शनिवार को अपर समाहर्ता उपेंद्र कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार व सिविल सर्जन डा.श्रीनिवास प्रसाद ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन सह जागरूकता रथ को रवाना किया। इस संबंध में अपर समाहर्ता उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जन भागीदारी एवं सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से उच्च जोखिम युक्त जनसंख्या यथा इलाजरत टीबी रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति, विगत पांच वर्ष में इलाज कराए रोगियों में टीबी की पहचान, एचआईवी ग्रसित व्यक्ति, मधुमेह रोगी, 60 आयु वर्ष से अधिक, धूम्रपान और नशा करने वाले व्यक्तियों सहित बीएमआई वाली कुपोषित जनसंख्या की टीबी स्क्रीनिंग व जांच करनी है। आगामी 22 दिसंबर तक जिले के उच्च जोखिम वाली जनसंख्या का स्क्रीनिंग और जांच कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन सह रथ के माध्यम से माईकिंग किया जाएगा। कहा कि उक्त अभियान की शत-प्रतिशत सफलता के लिए विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग के साथ- साथ शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, युवा कल्याण विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उद्योग विभाग, गृह विभाग एवं कारागार विभाग में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर डीपीएम विशाल कुमार, यक्ष्मा विभाग के डीपीएस दिलीप कुमार, डीपीसी दीपक कुमार, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, प्रधान लिपिक अमितेश कुमार, डीईओ बलवंत कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

**सिवान :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव कुमार पांडेय व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुनिल कुमार सिंह ने शनिवार को संयुक्त रुप से मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने पुरूष वार्ड, महिला वार्ड, रसोईघर, सेल सहित कारा अस्पताल आदि का गहनतापूर्वक जायजा लिया। साथ ही बंदियों से बात कर उनकी समस्यओं से अवगत हुए तथा उन्हें पूर्ण न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने प्रत्येक बंदियों से उनको मिलने वाली खाना और आहार के संबंध में व्यक्तिगत रूप से पूछताछ की और खाने के मीनू की जानकारी भी ली। उन्होंने जेल प्रशासन से बंदियों के बौद्धिक और शारीरिक स्वास्थ्य के विकास हेतु समय-समय पर शैक्षणिक गतिविधियां और योगा अभ्यास हेतु कार्यक्रम और जागरूकता करने हेतु कहा। वहीं सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी नए बंदी जेल में आते हैं तो बंदी के दौरान उन्हें उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताएं। इस दौरान पदाधिकारियों ने मंडल कारा प्रशासन एवं कल्याण कार्यों का भी जायजा लिया एवं संतुष्ट दिखे। निरीक्षण को लेकर मंडल कारा प्रशासन पूरी तैयारी की गई थी। कही से कोई भी कमी ना रहे इसका ध्यान रखा गया था। निरीक्षण के क्रम में काराधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा, उपाधीक्षक दिनेश कुमार ठाकुर, कारा चिकित्सक डा.राजकुमार राम, सहायक अधीक्षक एवं अन्य कारा कर्मी उपस्थित थे।

## डीएवी के बच्चों ने नेशनल स्पोर्ट्स में किया शानदार प्रदर्शन

**महाराजगंज (सिवान) :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित उमाशंकर चंपा देवी डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार का नाम रोशन किया है। विद्यालय की बालिका वर्ग ने कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, एवं झारखंड की टीम को शिकस्त देते हुए उत्तर प्रदेश को फाइनल में हराते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर नेशनल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं समीक्षा कुमारी ने शार्टपुट में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय व अपने परिवार को गौरवांवित किया। छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में खेल शिक्षक संतोष कुमार सिंह एवं शुभम किशोर का विशेष योगदान रहा। विजेता छात्राओं का विद्यालय आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर महाराजगंज में विजय जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डा.विजय कुमार साहू ने चैंपियन छात्रों को मिठाई खिलाकर एवं माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। विद्यालय की इस शानदार व गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरपर्सन ई.सुगेंद्र कुमार सिंह ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मुख्य विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी गई ठंड से बचाव की जानकारी

**बड़हरिया (सिवान) :** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (सुरक्षित शनिवार) का आयोजन किया गया। इस दौरान फोकल शिक्षकों द्वारा बच्चों ठंड से होने वाले बीमारी सर्दी, जुकाम, खांसी, निमोनिया से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को ठंड से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। यह कार्यक्रम मध्य विद्यालय जोगापुर, मध्य विद्यालय रानीपुर चौधरी टोला, मध्य विद्यालय बड़हरिया, मध्य विद्यालय आलमपुर, मध्य विद्यालय हरदिया, मध्य विद्यालय चक पडरौना, मध्य विद्यालय सुंदरी, मध्य विद्यालय कैलगढ़ सहित अन्य विद्यालयों में आयोजित किया गया। प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि निमोनिया बच्चों की खून की कमी से होती है, वहीं सर्द-गर्म मौसम बदलने के कारण बच्चों को सर्द गर्म होने से खांसी हो जाती है और बुखार हो जाता है, उस बच्चों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए, जिससे कि बच्चे की शरीर में खून की कमी ना हो। साथ बच्चे को ठंड लगने पर कोल्ड डायरिया की संभावना प्रबल हो जाती है। मध्य विद्यालय जोगापुर के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि विशेषकर पढ़ने वाले बच्चे विद्यालय में आते हैं, प्रार्थना के समय खून की कमी से उन्हें चक्कर आता है जिससे वे गिर जाते हैं। इसलिए विशेष रूप से पांच से 10 वर्ष के बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। मौके पर शिक्षक संदीप कुमार सुमन अश्वनी कुमार, बैरिस्टर प्रसाद महल का अंजुम रजनीकांत सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित।

## मारपीट में 13 लोग घायल, दहशत फैलाने को ले की हवाई फायरिंग

**सिवान।** असांव थाना क्षेत्र के परसहा टोला में शुक्रवार की रात किसी बात को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में 13 लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में किया गया। इस घटना में एक पक्ष द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग की गई। इस मामले में एक पक्ष द्वारा थाना में आवेदन देकर 13 नामजद व 20 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है।असांव थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने शनिवार को असांव थाना में आवेदन देकर अपने ही गांव सह गुठनी प्रखंड के क्षेत्र संख्या पांच के जिला पार्षद छोटेलाल यादव, अच्छेलाल यादव, चंदन यादव, विजय यादव, धनजी यादव, राहुल यादव, हीरामती कुमारी, बासमती कुमारी, कामेछा यादव, बर्फी देवी, सीमा देवी, सुरेजा देवी एवं अमरजीत यादव व 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक कराई है। दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि शुक्रवार को मैं अपने खेत की ओर गई थी, उसी दौरान जिला पार्षद छोटेलाल यादव छेड़खानी करने की नीयत से मेरा कपड़ा फाड़ दिए। मैं अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाना शुरू की तो मेरी आवाज सुनकर बीच बचाव करने आए मेरे पिता समेत परिवार के करीब 13 सदस्यों को हरवे-हथियार व लाइसेंसी बंदूक के बट से मारकर घायल कर दिया। साथ ही मारपीट के दौरान तीन स्मार्टफोन चोरी कर ली है जिसकी कीमत दो लाख रुपया है। साथ ही दहशत फैलाने के लिए राइफल व पिस्टल से हवाई फायरिंग किया। घायलों में ब्यास यादव, यमुना यादव, प्रियांशु देवी, ज्ञांती देवी, अंजली कुमारी, राजीव कुमार, श्याम बिहारी यादव, योगेंद्र यादव, ज्ञान देवी, प्रमिला देवी, चिंता देवी, अर्चना कुमारी आदि शामिल हैं।

## भूमि विवाद में मारपीट, पांच घायल

**सिवान :** पचरुखी थाना क्षेत्र के तिलौता रसूलपुर में भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों व स्वजनों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान अभिषेक यादव, सिंहासनी देवी, आरती देवी, संदीप यादव, संजीव यादव है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि अभिषेक यादव और उनके भाई खेत में बीज बोने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान पट्टीदार खेत में पहुंच गए और जमीन के विवाद को लेकर बीज बोने से मना करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो वे लोग लाठी डंडों से हमला कर दिए। इस मामले में पीड़ितों के द्वारा अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है।

## स्कार्पियो से 761 लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद

**सिवान :** उत्पाद विभाग की टीम ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया गांव के समीप से शुक्रवार की शाम एक स्कार्पियो से शराब बरामद किया। हालांकि तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। मामले में उत्पाद इंस्पेक्टर पीयूष राज ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिना नंबर प्लेट की एक सफेद स्कार्पियो से शराब की खेप लाई जा रही है। इसके बाद एएसआई यशवंत पटेल द्वारा छापेमारी की गई तो चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। तलाशी के दौरान स्कार्पियो से 761760 लीटर शराब बरामद किया गया। उसमें 468 लीटर देसी और 29376 लीटर विदेशी शराब शामिल है। वही मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैं।

## टास्क टीम ने जंक्शन से शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**सिवान :** जंक्शन से आरपीएफ, टास्क टीम व अआशा छपरा उप शाखा भटनी की टीम द्वारा चेकिंग व निगरानी के दौरान शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहा गांव निवासी मंजेश कुमार पांडेय है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि शनिवार को निगरानी और चेकिंग के दौरान जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर एक युवक को पिठू बैग में शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं आगे की कार्रवाई हेतु रेल थाना को सुपुर्द किया गया। छापेमारी टीम में उप निरीक्षक अरबिंद यादव, सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा, कांस्टेबल अनुराग प्रताप सिंह, अनिल कुमार आदि शामिल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन

**सिवान :** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविकाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं नगर पंचायत बसंतपुर के नगौली मियां टोली के अंतर्गत आने वाले केंद्र कोड संख्या 37, 96 और 112 पर महिला पर्यवेक्षिका स्वेता कुमारी, पिंकी कुमारी और रानी सोनी के देख रेख में रेणु देवी, रेणु कुमारी, खुशबू वर्मा और अंजू कुमारी के द्वारा किया गया। इस संबंध में आईसीडीएस की डीपीओ तरणी कुमारी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान आहार में विविधता की जरूरत होती है। इसलिए अपने आहारों में ऐसे पदार्थों का इस्तेमाल करना चाहिए। उसमें प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट एवं वसा की अत्यधिक मात्रा उपलब्ध हो। हालांकि इसके लिए प्रत्येक माह के सात तारीख को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई की रस्म अदा की जाती है। कहा कि गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने से न सिर्फ महिलाएं स्वस्थ रहती हैं, बल्कि गर्भस्थ बच्चे का भी सर्वांगीण विकास होता है। लेकिन सबसे अहम बात यह है कि छह माह से दो वर्ष तक के बच्चों को मां का दूध पिलाना चाहिए। इससे उनका शारीरिक विकास होने के साथ ही उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि भी होती है।

